आप लोगों को यह डर है कि जब हम जायेंगे तो आपके लिये कुछ रहेगा या नहीं। लेकिन डरने की कुछ बात नहीं है। हम आपके लिये बहुत सारा छोड कर जायेंगे। लेकिन मुझे शुबाह यह है कि पहले हम जायेंगे हीं या नहीं ?

شری اناجی راؤ گوانے - ساتھ ساتھ اپنے کا یقین بھی نہیں ہے -

श्री. वि. के. कोरटकर :—रहने का तो हमें यकिन है।

अेक और चीज में आपको बताना चाहता हूं कि वह ६४ करोड का जो डेट (कर्जा) बताया गया है बजेट में, वह पूरा हमारे अुपर नहीं पडनेवाला है। अुसकी वजह यह है कि फायनान्सियल अिंटेग्रेशन के बाद तब पुलिस अॅक्शन के पहले का जो कर्जा है अुसके बारें में क्या किया जाय अिस बात का अभी तसफिया नहीं हुवा है। अंदाजा है कि गव्हर्नमेंट ऑफ अिंडिया अपने अुपर भी कुछ कर्जा अिसमें से लेगी। आज भी गव्हर्नमेंट ऑफ अिंडिया फायनान्सियल अिंटीग्रेशन के बाद अिस बारेमें हमें सूद दे रही है वह करीब ४५ लाख रुपये का है।

श्री. व्ही. डी. देशपांडे :—सेंट्रल गव्हर्नमेंट अिसमें से कितना कर्जा अपने अुपर लेगी ? और सूद कितना देगी ?

श्री. वि. के. कोरटकर:—अभीतो अिसका तसीफया नहीं हुवा है कि कितनी रकम मिलनी चाहिये पहले कितना सूद मिलता था और अब कितना सूद मिलना चाहिये। अलल हिसाब लगाया जाय तो करीब ३० लाख ५४ हजार तक का आता है।

दुसरा पॉअिंट कॅश बॅलन्सेस के सिलसिले में है। यह कहा गया कि कॅश बॅलन्सेस अर्थात नगदी बचत घटते जा रही है। लेकिन यह कहना सही नहीं है। बात यह है कि अिस वक्त के बजेट में ज्यादा तफसीलात दिये गये हैं। यह नगदी बचत ११ करोड से शुरू हुअी और यह भी बताया गया कि अिस साल यह बॅलन्सेस ५ करोड के रहेंगे। यह देखकर काफी लोगों को हैरानी हुअी। लेकिन अिस की वजह यह है कि बॅलन्सेस में से अिस वक्त ५ करोड रूपये स्टेट बॅक को कर्ज के तौर पर दिये गये हैं। वह निकल जाने के कारण अिस साल नगदी बचत कम दिखायी देती हैं। अुसको यदि मिलाया जाय तो फिर वही १० करोड के कॅश बॅलन्सेस होते है। और फिर ऐसी हालत में अुसमें कोअी बडा फरक नहीं पडता है।

फायनानशियल अिंटिग्रेशन के बाद रेल्वे और पोस्ट ऑफिस सेटंर ने अपने हाथ मे तो लियेलेकिन वह रकम हमने अभी अुनको नहीं दी है। वह न देने की वजह से जो ११ करोड के कॅश बैलन्सेस थे अुसके अंदर वह रकम भी थी। लेकिन जैसा मैने आपसे कहा अिसका तसफिया भी अुसी के साथ होगा जब कि पुलिस अेक्शन के पहले के कर्जे का यानी पब्लिक डेट (Public debt) तसफिया किया जायगा। अिस रकम को अिसलिये भी महफूज रखागया है ताकि तसफिये के अुपरान्त सहूलत के साथ सेन्ट्रल गव्हर्नमेंटकी अदाअी की जा सके यह कर्जा ५ करोड है या २ करोड है अिसका अभी तसफिया नहीं हुआ है। लेकिन यह रकम जैसे लिक्विड अमाअुंट के तरीके पर रहती थी अुसको वहां से निकाल कर लोन अमाअुंट में बतलाया गया है। अुसी तरह से लोन अमाअुंट को रिजर्व्ह के तौर पर या और किसी तरीके पर हम बतला सकते हैं। हिसाब का फर्क होसकता है मगर रकम में कोअी फर्क नहीं पडता।

Shri V. B. Raju: I want to bring to the notice of the hon. Minister that this money has been given from the Consolidated Fund and it needs a vote of this House.

श्री वि. के. कोरटकर:—बिल्कुल सही है। आपने अिसकी तरफ तवज्जेह दिलाअी अिसके लिये मैं आपका मश्कूर हूं। लेकिन यही तवज्जेह हमारे अकौटंट जनरल ने भी अिसके पहिले दिलाअी है और अिसके लिये सप्लीमेंटरी ग्रांट के तौर पर गव्हर्नमेंट को हाअुस के सामने आना पडेगा। यह मुनासिब समझा गया कि जो हमारे कॅश बैलन्सेस हैदराबाद गव्हर्नमेंट में रहती थीं अुसमें से ५ करोड रूपया अुनको लोनके तौर पर दिया जाय। मुझे जो कुछ अैवान के सामने रखना था वह यह है कि अिस प्रकारके अिंतेजामात बाद नगदी बचत केवल पांच करोड रहनेसे हमारी आर्थिक अवस्था दिवालिया नहीं कही जा सकती।

श्री व्ही. डी. देशपांडे —स्टेट बॅक को यह कर्जा कम सूद पर क्यों दिया गया। सिक्यूरिटी या दीगर तरीकों पर रुपया लगाया जाता तो हमको ज्यादा सूद मिल सकता था।

श्री. वि. के. कोरटकर:— मैंने तफसील से रखा है अिसीमें हमको सहुलियत मालूम होती थी। स्टेट बैंक में हैदराबाद गवर्नमेंट के ५१ फीसद शेअर्स हैं। अिसको देखत हुअे और हैदराबाद

गवर्नमेंट और बैंक के बीच जो पुराने संबंध है अुनको देखते हुअे बैंक को यह कर्जा दिया गया है। अुसके सूद का रेट क्या हो सकेगा अिसपर भी मुनासिब गौर कर लिया गया है। अिसके साथ साथ मैं और अेक दफा सप्लीमेंटरी ग्रांटस के वक्त अिस चीज को हाअुस के सामने लानेवाला हूं। अुस वक्त अिस पर और बहस हो सकती है। लेकिन जो पाअिंट में रख रहा हूं वह यह है कि यह जो खयाल किया जाता है कि ५ करोड कॅश बॅलन्सेस बतये गये हैं अुसकी वजह से आर्थीक अवस्था दिवालिया है अैसी कोअी बात नही है। वह पैसा आपको यहां सिर्फ दूसरे स्वरूप में दिख रहा है आज अेक अोदमी अक कोट में दिखता है तो कल वही दूसरे कोट में दिखता है लकिन चेहरे से वह आदमी वही मालूम होता है। अुस में कोअी फर्क नहीं पडता। वैसे ही बचतके पांच करोड में कर्जके पांच करोड मिलादें तो वे भी पूर्ववत अुतने ही है।

और अेक सवाल अुठाया गया था। यह मायूसी जाहीर की गअी थी कि लंदन बैंकमें जो हमारा पैसा पडा हुआ है वह वापस मिलता है या नहीं मालूम नहीं। लेकिन खुशकिस्मती की बात है कि यहां बजट पर बहस हो रही है अुसी समय अखबारों में खबर आअी कि अुसके बारे में डिक्री हुअी है और वह निजाम की रकम है।

श्री. व्ही. डी. देशपाडे:–यानी सब काम किस्मत पर ही चल रहा है।

श्री. वि. के. कोरटकर:– हमारी किस्मत अच्छी है तो मैं क्या करू? वह मेरा कसूर नहै आपने यहां स्पीच किया और खुदाने आज ही डिक्री कर दी। लेकिन अिस डिक्री से आज ही यह मालूम हुआ कि आलाहजरतकी रकम है। आलाहजरत यानी राजप्रमुख। लेकिन यह क्या गडबडी हो गअी, तो अुसके बार में मैं कहूंगा कि अिसमें कोअी गडबडी नही है। अितनाही सिर्फ मैं आपसेकहना चाहता हूं।

अक चीज और मैं हाअुस के सामने स्पष्ट करदेना चाहता हूं वह यह है कि जिन पांच करोड की बात मैं आपसे कह रहा था अुसमें बहुत बडी रकम रेलव रिजव्हकी जो अिन्जमाम के पहिलेसे हमारे पास जमा है। हमने गवर्नमेंट आफ अिंडया के पास यह बात रखी है कि अिसका अुपयोग हमारे राज्य में रेल्वे लाअीनके बिछानेमें किया जाय और अुन्होंने भी अिसको करीब करीब कबूल कर लिया है। अर्थात अन्ततो गत्वा यह रकम पूरी तौरपर मह फूज है।

अिस बजट के बारे में दो बडे भारी सवाल किये गये कहा गया कि नेशन बिल्डिंग डिपार्टमेंटस पर अितना कम खर्च क्यों रखा गया है? बहरहाल मैंने अपनी अिब्तदाअी स्पीच में आंकडे देकर बतलाया था कि अिस साल के बजट में लगभग२१ लाख और बढायेगये हैं। अिसके साथ १९५० से लेकर ५२-५३ तक किस तरह से हर सेगे में ज्यादा खर्च करते गये अुसको भी अैवान के सामने रखाथा। अुसी को फिर से दोहराने की जरूरत नहीं है।लेकिन मैं अितना ही रखना चाहता हूं की कभी कभी हिसाब की गलती कुछ अैसी हो जाती है कि अुसकी वजह से चीज अेक ही होन पर दूसरी दिखने लगती है। नेशन बिल्डिंग डिपार्टमेंट पर जो कुछ खर्च बतलाया गया है वह आपके सामने है और आपने भी अिसको कबुल किया है कि यह पूरे बजट का करीब करीब ४० फीसद होताहै। बहरहाल कितना भी हो। लेकिन अेग्रीकलचर के लिये ७५ लाख, वेटरीनरी २२ लाख, कोआपरेटिवके लिये २२ लाख, अेजूकेशन के लिये ५१०लाख, अिसीतरह से मेडीकल के लिये १ करोड

९लाख अिरीगेशन के लिये १ करोड ६० लाख, अिंडस्ट्रीज के लिये २३ लाख, सिव्हिल वर्क्स के लिये १ करोड ९९ लाख, कम्युनिटी प्रोजेक्टस के लिये ८१ लाख,रूरल स्कीम्स के लिये २४ लाख, हरिजन और ट्रायबल वेलफेअर फंड के लिये ५१ लाख अिस तरह से कुछ १३ करोड १२ लाख का यह खर्च है और अिसमें अगर अिस साल क जोतकावी वगैरा के रूपमें काश्तकारों वगैराके १करोड २५ लाख दिये गये हैं तो यह रकम और भी बढजाती है। अिसको छोडकर और भी जो प्रोजेक्टस में या दूसरे वेलफेअर स्कीम्स में रुपया खर्च किया गया है अुन सब को मिलाया जाय तो यह खर्च ४१ फीसद के बजाय ४६.९ फीसद होता है। बहरहाल चौदह, पन्द्रह करोड का यह खर्च कम नही है अिसका हिसाब पर हेड कितना आता है अिस तरह से निकाला जाय तो अुसके लिये मैं कुछ नहीं कर सकता। हमारे पास कितना रुपया है और अुसमें से कितना हम अुठा सकते हैं अुसको देखना चाहिये। पर हेड (Per Head) के हिसाब से देखेंगे तो अगर अिस रकम को मै डबल भी कर दूं तो भी आपको संतोष नहीं हो सकता।

दूसरी बात जो मै अैवान के सामने रखना चाहता हूं वह यह है कि हिसाब लगाते वक्त यह कह दिया गया कि ४१ फीसद रुपये नेशन बिल्डिंग के लिये लगाये गये और बाकी जो कुछ बचे वह सब के सब अेडमिनिस्ट्रेशन पर लगाये गये । लेकिन अैसी बात नही हुअी है । न अैसी बात होती है। ४१ फीसद नेशन बिल्डिंग पर लग गया तो बाकी ५९ फीसद अेडमिनिस्ट्रेशनपर लग गया अिस तरह से हिसाब नहीं लगाया जा सकता ।यह हिसाब का तरीका गलत है। अेडमिनिस्ट्रेशन पर सारा का सारा पैसा नहीं लगता अुसको बहुतसी मदों में बाटा जाना चाहिये । अिसके लिये मैंने हिसाब निकाला है। अुसको देखा जाय तो २९ करोड२ लाख का बजट अिस तरह से बंटा है। सोशल सर्विस में १३ करोड १२ लाख, कर्जकी अदाअी में ३ करोड ५९ लाख, जागीरदारों के माविजे और मनसबों की अदअीमें १ करोड ४६ लाख, मालगुजारी की वसूलीमें ३ करोड ४४ लाख पेन्शन १ करोड ७० लाखयह सब जाने के बाद अेडमिनस्ट्रिशन सर्विस मे केवल ५ करोड ७१ लाख लगता है। अिस तरह से कुल २९ करोड २ लाख होते है। मैं अैवान के सामने रखता हूं कि आपन अेडमिनिस्ट्रेशन का जो खर्च निकाला है वह किस तरह से निकाला है । आपका जो हिसाब लगान का तरीका है वह गलत है। अेडमिनिस्ट्रेशन का खर्च सिर्फ ५ करोड ७१ लाख का है। याने वह १९.६ अिसमें पेन्शन अुन लोगों को मिलती है जो पहले अेडमिनिस्ट्रेशन में रहते थे । अुसको भी अिसमें मिलाया जाय तो ५.६ करोड परसेंट और बढजाता है तो २४.६ परसेंट हो जाता है । अिसकेसाथ साथ दूसरे हेडज जैसे कि रेविन्यू कलेक्शन की डायरेक्ट डिमांड को भी मिला लिया जाय,तो अिसके निस्बत मरा अपना खयाल है कि नहीं मिलाना चाहिये क्योंकि यह अेडमिनिस्ट्रेशन का खर्चा नहीं है। जैसे कारखानें में कैपीटल के तौर या और खर्च के तौर पर जैसा रुपया लगता है वैसी ही यह चीज है। फिर भी अिन तीनों हेडज को मिलाने के बाद तो भी अेडमिनिस्ट्रेशन का खर्च ६० फीसद नहीं होता, वह सिर्फ ३७.४ परसेंट होता है।

श्री व्ही. डी. देशपांडे :– क्या अितना खर्च दुनिया के अंदर सबसे महंगी टैक्स कलेक्शन और अेडमिनिस्ट्रेशन की मशीनरी का नहीं समझा जाता।

श्री. वि. के. कोरटकर :– जो चीजें सामने रखी गअी हैं अुनसे मैं नहीं समझता कि यह महंगी मशीनरी है। अितनी मशीनरी तो बिल्कुल जरूरी मशीनरी है और अुसका खर्चा निकालने का यही तरीका रहता है। लीडर ऑफ अपोजीशन ने यही रखा था कि टैक्स कलेक्शन का जो खर्च चायना

में होता है वह सिर्फ १० फीसद है। वह किस तरह से निकाला गया है अुसको देखा जाना चाहिये। क्योंकि चीनमे जो आमदनी बतलाअी गअी है वह अिंडस्ट्रीज और कारखाने से भी मिलती है। अब यदि कारखानों का केवल मुनाफा मालगुजारी में जमा किया गया और कारखाना चलानेके खर्चको नजरअंदाज किया गया तो परसेंटेज कम निकलता है। यदि अुसको भी मिला लिया गया तो परसेंटेज अधिक हो जाता है। बहरहाल चीनकी मिसाल देते हुवे हिसाब आपने किस प्रकारसे निकाला है, यह मैं नहीं कह सकता। यहांके लिये मेरा अपना खयाल है कि यह ३५ फीसद खर्च कोअी ज्यादा नहीं है।

मेरे पास अिस वक्त दूसरे स्टेटों के बजट नहीं है। लेकिन नेशनबिल्डिंग के लिये हमारे स्टेटस में जो खर्च किया जाता है अुसको मैंने देखा है और अिसके लिहाज से जो ४१ फीसद या दूसरे अखराजात जो मैंन बताये अुनको मिलाकर ४६ फीसद का हमारा खर्चा कम नहीं है। अिसके लिये गवर्नमेंट को किसी के सामने शरमिंदा होने की जरूरत नहीं है। जो भी खर्च दूसरे स्टेटस मे किया जा रहा है अुनके मुकाबले में हम अवसत में आकर पड जाते है और वहां का खर्च मै अेवान के सामने रखना चाहता हूं। अैशन बिल्डिंग डिपार्टमेंट का खर्च आसाम में ४२ फीसद, बिहार में ४० फीसद, बंबअी में ४१ फीसद, मध्यप्रदेश में ३७ फीसद, मद्रास में ५१ फीसद, अुडीसा में ४३ फीसद, पंजाब में ३७ फीसद, अुत्तर प्रदेश में ३३ फीसद, वेस्ट बेंगाल में ४० फीसद, मध्यभारत में ४० फीसद, मैसूर में ३९ फीसद अिस तरह से है। मैसूरके बारेमें अितना बताना जरूरी है कि जहां से मैंने ये आंकडे लिये है अुसमें मैसूर में ज्यादा खर्च यानी ५१ फीसद बतलाया गया है। मगर अुसमें अुन्होंने वहां जो दो कारखाने हैं अुसका जो वर्किंग खर्चा है वह भी अिसमें डाल दिया है। मैंने अुसको अलग कर के ३० फीसद पकडा है। और अिसके बाद पेप्सू में ३८ फीसद, राजस्तान में ४३ फीसद, सौराष्ट्र में ४४ फीसद, त्रावनकोर कोचीन में ४५ फीसद और हैदराबाद में जैसा मैंने आपसे अभी कहा कुछ रकमों को छोड कर ४१ फीसद और अुनको पकडकर ४६ फीसद होता है। अिनको पढने के बाद नेशन बिल्डिंग डिपार्टमेंट पर दूसरे स्टेटस में क्या खर्च किया जाता है अुसको देखें तो वह ३६ फीसद से लेकर ४५ फीसद तक है। हमारे यहां का खर्चा जैसा कि मैंने बताया कुछ रकमों को लेकर किया जाय तो टाप पर जाता है और अुनको छोडकर किया जाय तो औसत पर रहता है। यह खर्च किसी तरह से अैसा नहीं है कि जिसके लिये गवर्नमेंट को पब्लिक के सामने शरमिंदा होना पडे।

श्री. व्ही. डी. देशपांडे :—अंग्रेजों के जमाने में कितना था और अब कितना बढा है?

श्री. वि. के. कोरटकर :—यह बात अैसी है कि अगर यह सवाल जवाब का वक्त होता तो मैं कह देता कि अिसके लिये नोटीस दी जाय। क्योंकि आप जानते हैं कि अिसके बारे में मैं अेकदम तो नहीं कह सकता। मै भी नहीं कह सकता और आप भी नहीं कह सकते। यह मुझे भी मालूम नहीं है और आपको भी मालूम नहीं होगा क्योंकि अगर आपको मालूम होता तो आप अपनी स्पीच में बता देते। हंसी (Laughter)

श्री. व्ही. डी. देशपांडे :—मेरा कहना है कि कोअी सब्स्टेन्शिअल फर्क नहीं हुआ है क्योंकि अुस वक्त जो टाप हेवी मशीनरी थी अुसीको कायम रखा जा रहा है।

شری بی - رام کشن راؤ - نیشن بلڈنگ ڈپارٹمنٹس کا موازنہ دوگنا ہوا ہے -

شری ایم بچیا (سرپور) نظام صاحب کی کمپنسیشن ہسٹری کیا ہے ؟

Mr. Speaker : You need not answer every question.

Shri M. Buchayya : This is an important question.

Mr. Speaker : No interruption please.

श्री. वि. के. कोरटकर :—अिसके बाद अेक और सवाल बहुत शद्दोमद के साथ आया है और जिसकी तरफ गव्हर्नमेंट की बहुत तवज्जह है वह मराठवाडे का सवाल है। मराठवाडे के बारें में बहुत से सदस्यों ने चाहे वे अिधर के हों या अुधर के, कहा कि माराठवाडे को बिल्कुल क्यों भुला दिया गया है ? यों देखा जाय तो अिसके पहले दो तीन जवाब-जवाब तो मैं नही कहता लेकिन मजबूरियां रखी जा चुकी हैं । अेक मजबूरी यह रखी जा चुकी है कि जिन प्रोजेक्टस पर काम होरहा है वे पिछली सरकार के रखे हुअे हैं, अुन्हींको हम मुकम्मिल कर रहे हैं। पहले से अिस तरह क्यों रखे गये अैसा कहा जाय तो अुसके बारे में यही बतलाया गया कि मराठवाडे की स्थिति कुछ अैसी है कि वहां बडे बडे प्रोजेक्टस शुरु नहीं किये जा सकते थे क्योंकि वहीं से बडी-बडी नदियां आगाज होती हैं। और नदियां आगे जाकर जहां बडी हो जाती हैं वहीं बडे प्रोजेक्टस बनाये जा सकते हैं वगैरा वगैरा। मगर यह जवाब कुछ सही था और कुछ गैरसही था। अिससे संतोष होना मुश्किल है। अिसके लिये गव्हर्नमेंट की तरफसे चीफ मिनिस्टर साहब ने अेक स्टेटमेंट सब लोगों के पास भेजा है। अुसमें बतलाया गया कि बडे प्रोजेक्टस को छोडकर बाकी अुन्नतिके कार्योंके बारेमें मराठवाडे की जानिब किसी प्रकारसे अुपेक्षा नहीं बर्तीजारही है।

पूर्णा प्रोजेक्ट के बारे में बहुत कुछ कहा गया.

श्री. गोविंदराव मोरे :—वहां जो दवाखाने मौजूद थे बे बंद करके हैदराबाद में क्यों लाये जा रहे हैं ?

श्री. वि. के. कोरटकर :—दवाखाने कौन बंद कर के लाता है. कोअी नहीं लाता । अैसा करेंगे तो जुल्म हो जायगा । लेकिन यहां सवाल प्रोजेक्टस का है । मैं आपसे कहता हूं कि हमारे कैबीनेटने यह निर्णय किया है। हम हद दर्जे तक जिद् करेंगे ; और अिस स्कीम को अिस साल के अंदर बाहर पंचसाला कार्यक्रममें लाने की कोशिश करेंगे। कोशिश ही नहीं करेंगे बल्कि लायेगे भी, यह मैं कह सकता हूं। जहां तक हो सके लायेंगे यह भी कहने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह कोअी बडी बात नहीं है। लेकिन मै अितना कहूगा कि जानबूझकर मराठवाडे की अुपेक्षा नहीं कि गयी है । यह हमारी ही शिकायत है अैसी बात नहीं है। बंबअी में भी यही हुवा है। वहां भी कहा जाता है कि आप मराठवाडे के लिये अैसा क्यों नहीं किया अित्यादि लेकिन मराठवाडे की स्थिति ही अैसी है की वहां से नदियां आगाज होती हैं। यह बडे किस्मत की बात है कि बडी अच्छी चीज है कि वहीं से नदियां आगाज होती हैं और आगे जाकर बढती हैं दूसरों की मदद करती हैं।

श्री. गोविंदराव मोरे (कंधार–आम) :—क्या वहां पर अग्रीकल्चरल कालेजेस या दीगर कालेजेस भी नहीं बनाये जा सकते थे ?

श्री. वि. के. कोरटकर :–अभी आपके जरिये यह चीज सामने आओ है। अबतक आपमें से किसी ने नहीं कहा कि कालेज नहीं हुअे हैं। लेकिन पुलिस अेक्शन के बाद औरंगाबाद और नांदेड में दो कालेज खुले हैं। लेकिन यहां सवाल प्रोजेक्टस का है। बीच बीच में दूसरे सवाल खडे करने से फायदा नहीं। मैंने आपसे कहा कि कैबिनेट हत्तुलअिमकान कोशिश करेगी और फिर मैं यह भी कहूंगा कि बंबअी मे जिस तरह से कोशिश कर के कोयना प्रोजेक्ट को घसीट पर पंचसाला प्रोग्राम में लाया अुसी तरह से पूर्णा प्रोजेक्ट को लाना कोअी बडी चीज नही है। मै आज अितना ही कहूंगा कि अिसके लिये पूरी पूरी कोशिश की जायगी. मै यहां तक कहूंगा कि जिस तरह से बच्चा जिद लेकर बैठ जाता है और आखिर लड्डू ले ही लेता है अुसी तरह से पूर्णा प्रोजेक्ट को पंचसाला कार्यक्रम में लाने की कोशिश की जायगी। अिस वक्त प्लानिंग कमिशन के सामने यह सवाल जेरेगोर है। मेरे सहयोगी मेहदीनवाज जंग साहब कह रहे है कि अिसको भी बता दिया जाय क्योंकि हम अिस चीज के बहुत नजदीकतक आ गये हैं।

अब अिंडस्ट्रीज के बारे में फिरसे वे ही चीजें जो दो तीन साल से दोहराअी जा रही हैं कही गअीं। अिंडस्ट्रीज के बारें में गव्हर्नमेंट की पालिसी बिल्कुल साफ है। कम से कम मेरी हदतक मै बहुत ज्यादा साफ हूं। हमारी काँग्रेस गव्हर्नमेंट की साफ पालिसी है कि खानगी प्रयत्न को अिसमें बराबर स्थान दिया जायगा। अिसके साथ साथ बेसिक अिंडस्ट्रीज की हदतक अुनके नेशनलायजेशन पर विचार किया जायगा और वह नेशनलाअिज की जायेंगीं। बारबार पूछा जाता है कि अिंडस्ट्रीज के बारे में पालिसी साफ क्यों नहीं की जाती ? मैं समझता हूं कि गये तीन अैवानों में अिसका साफ साफ अल्फाजों में जवाब दे चुका हूं और वही जवाब अिस वक्त भी है। यहां फिर वही सवाल अुठाया गया कि बिर्ला को दो कारखाने क्यों दिये गये ? अब अिसके बारे में मै चार वक्त बोल चुकाहूं कि अुस वक्त हमारे पास पैसा नहीं था, कम था और ज्यादा लोन हम नही दे सकते थे। अिसके साथ साथ हमारी यह भी पालिसी थी कि कमोडिटीज अर्थात चालू माल बनानेवाले कारखानोंमे से गव्हर्नमेंट अपने संबंधों को अलग करती चली जाय।

श्री. व्ही. डी. देशपांडे :–लेकिन आपके असामी ठीक नहीं मालूम हो रहे हैं ? पिछले साल अैसा नहीं दिया और अिस साल भी देनेवाले नहीं है अैसा मालूम होता है।

श्री.वि. के. कोरटकर :–देने वाले जरा अैसे ही रहा करते हैं। आपको मालूम है कि कभी मुझे देना पडा है, कभी आपको देना पडा है। वक्त पर देना जरा मुश्किल हो जाता है। लेकिन हमारी आसामी अैसी नहीं है। मुझे अिसका अितमीनान है। पैसे देने का जो वायदा था अुसके बारे में यह था कि जिस रोज मेनेजिंग अेजन्सी अुनको तफवीज की जायगी अुस वक्त वह कर्जा वापिस करेंगे। यह पैसा देने का सारा, प्रोग्राम गव्हर्नमेंट के सामने है, कि किस तरह से दिया जाय, प्रिफरन्स शेअर्स कितने लिये जायें, अुसमें से कितने निकाले जायं वगैरा। गव्हर्नमेंट अिससे बिल्कुल घबराअी हुअी नहीं है। अभी मेनेजिंग अेजन्सी रजिस्टर नहीं हुअी हैं अिसलिये पैसा नहीं मिला है। रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं हुआ तो अुसके लिये हमको क्लाज बाय क्लाज चलना पडता है। अुसके लिये चार स्थानोंसे मंजूरी लेनी पडती है। अिसीलिये मैं तजूर्बे से कहता हूं कि गव्हर्नमेंट के पास जो अिंडस्ट्रीज रहेंगी वह अितनी फायदेमंद नहीं होंगी क्योंकि गव्हर्नमेंट मशीनरी हमारे ही हाथ में नहीं लेकिन आपके पास आने के बाद भी अुतनी तेज नहीं रहती जितनीकी प्रायवेट अेंटरप्राअिज(Private enterpise) के हाथ में रहने से होती है। मैंने कहा कि रजिस्ट्रेशन करना है तो चार लोगों की मंजूरी

लेनी पडती है । दो कंपनियों के बीच का मामला रहा तो दोनों अेक जगह बैठकर फैसला कर सकते हैं। लेकिन अिसका तसफिया होना है तो पहले कॅबीनेट की मीटिंग बुलानी पडेगी, अुस पर विचार होगा और बीच में ही कहीं दूसरा जरूरी काम हुआ तो यह सवाल अैसा ही रह जायगा,फिर कभी बाद में लिया जायगा, अिसके बाद वह गव्हर्नमेंट ऑफ अिंडिया की तरफ जायगा, फिर जनरल मीटिंग होगी, बहुत सी बातें हैं। मै भी समझ रहा था कि ज्यादासे ज्यादा तीन महीने में अिसको हम कर डालेंगे अिसीलिये अिसमें यह क्लाज रखा था कि जब तक रजिस्ट्रेशन नहीं होता तब तक अुनको रक्कम दी जाय। मैं कहना चाहता हूं कि अिस क्लाज में तय किया गया था कि जब तक मैनेजिंग अेजन्सी बिडला के नाम पर न की जाय तब तक अुनको पैसे देने की जिम्मेदारी हुकूमत पर रहेगी। लेकिन अैसा होने पर भी हमने बिडला से कहा कि हमारे पास पैसा नहीं है, आप कहीं से भी लाअिये और फैक्टरी को बनाअिये। अिसीलिये तो मैं अपनी हद तक बहुत मुतमअीन हू। गव्हर्नमेंट ने अगर कुछ किया है तो कोअी बुरी बात नहीं की है। अभी अेक वक्ताने कहा कि सिरपूर में टनेज बढ गया है। और सिरसिल्क अगर अिस वक्त हमारे पास होता तो वहां काम शुरू होता या नहीं मालूम नही लेकिन अब अेसीटिक अेसिड बनाने की हद तक काम पूरा हो गया है और सूत भी बनना थोडे दिन में शुरू हो जायगा।

अेक वक्ता ने बोधन शुगर फैक्टरी के बारे में कहा कि वह फैक्टरी बहुत अच्छी चल रही है तो गव्हर्नमेंट अुसको अपने कब्जे में क्यों नहीं लेती? मैंने पहले भी कहा था और आज भी कहता हूं कि हमारी पालिसी है कि अेजंट की तरफ से ही अिसको चलाया जाय और अुसी तरह से वह चलेगी मुझे अिसपर से भेड और भेडिये का वह किस्सा याद आया जिसमें भेडिया कहता है कि तू नहीं तो तेरे बाप ने किया होगा। अैसा किया जाय तो भी आक्षेप हैं और वैसा किया जाय तो भी आक्षेप लिये जाते हैं। अुन्होंने कहा कि बोधन फैक्टरी को क्यों नहीं कब्जे में लेते । लेकिन जब आर. टी. डी. का सवाल आता है जिसका अिंतजाम गव्हर्नमेंट के हाथ में है तो कहा जाता है कि आपकी वजह से वहां तमाम खराबियां पैदा हो गअी हैं। मेरा अिसीलिये कहना है कि आप कितनी अेफिशिअन्सी से काम करें गवर्नमेंट मशीनरी से कारखानोंमें अुतना अच्छा काम नहीं किया जा सकता जितना कि प्रायवेट अेंटरप्राअिज से होता है। अिसीलिये कॉंग्रेस की पोलिसी है कि बेसिक अिंडस्ट्रीज के सिवा दूसरी अिंडस्ट्रीज के नेशनलायजेशन की तरफ हम नहीं जाना चाहते और अिसी पालिसी के तहत हम सारी अिंडस्ट्रीज को चलायेंगे।

हैदराबाद स्टेट में लोहे का कारखाना खुलवाने के बारे में भी कहा गया । क्योंकि हिंदुस्तान में अेक बडा लोहे का कारखाना खुलनेवाला था और अुसके लिये मध्यप्रदेश, बिहार और अुडीसा की गवर्नमेंटोंने काफी कोशिश की और शायद अिस वक्त वह कारखाना अुडीसा में कायम होनेवाला है। मुझ से यह पूछा गया कि यहां पर कारखाना खुलवाने के लिये हैदराबाद गवर्नमेंट ने कोशिश क्यों नहीं की ? अव्वल तो यह है कि मैने अुतने शद्दोमद से कोशिश नहीं की थी जितनी कि मध्यप्रदेश और अुडीसा ने की थी। वजह यह है और शायद जिन्होंने सवाल किया अुनका भी यह ख्याल होगा कि किसी जमाने में हैदराबाद में सोचा गया था कि यहां अेक कारखाना खोला जाय और अभी अेक वक्ताने कहा कि हैदराबाद में 'मॅचेस्टर' क्यों नहीं बनाया गया । हैदराबाद में मॅचेस्टर बनाने का सपना अुन सपनोंमें से अेक है जो कि आजाद हैदराबाद के जमाने में अुस वक्त के लोग लिया करते थे अुनके अैसे बहुत सपने थे लेकिन अुनमें से अेक भी सफल नहीं हुआ। अुस वक्त यह भी स्कीम बनाअी

गअी थी कि मंचेरियाल में अेक बडा भारी लोहे का कारखाना डाला जाय। मैंने जिस वक्त यह चीज अखबार में देखी कि हिंदुस्तान में अेक लोहे का कारखाना खुलवाये जानेवाला है तो फौरन आपने अिंडस्ट्रीयल अिंजीनिअर्स को बुलाया और पुरानी स्कीम्स को निकालकर देखा। अुसके बाद यहां दो विदेश के अेक्सपर्टस आये थे जिनके नाम मैं भूला जा रहा हूं अेक बेलजियन थे और दूसरे और कहीं के थ। अुनसे भी मैंने मुतालिया कराया और पूछा कि क्या हो सकता है। वाक्या अैसा है कि हमारे पास ओर (Ore) यानी कच्चा लोहा है वह अुतनी बडी तादाद में नहीं है। क्यों कि फैक्टरी वहीं पर डाली जा सकती है जहां फैक्टरी डालने के बाद हजारों टन लोहा कम से कम ५० साल तक निकलता रहेगा। नहीं तो फैक्टरी डालने से कुछ फायदा नहीं है हमारे यहां ओअर अितना नहीं है कि अितने साल तक फैक्टरी चल सके। दूसरी बात यह है कि हमारे यहां का परसेंटेज भी बहुत कम है। लोहे की फैक्टरी वहीं पर डाली जा सकती है जहां अिसका परसेंटेज ६० फीसद से कम न हो अिससे कम हो तो फैक्टरी से कोअी फायदा नहीं हो सकता और हमारा ओर अैसा है कि ३०-४० फीसद से ज्यादा लोहा नहीं निकल सकता। अैसी सूरत में यह चीज गलत थी कि हम यहां पर लोहे की फैक्टरी डाल सकें। आजाद हैदराबाद के जमाने में सोचा जा रहा था कि फैक्टरी हैदराबाद में में रहेगी लोहे का 'ओअर' बस्तर स्टेट से लाया जाया जायगा और यही बजह है कि मध्यप्रदेश अपने यहां कारखाना खोलने के लिये कोशिश कर रहा था क्यों कि अब बस्तर मध्यप्रदेश में शामिल हो गया है। लेकिन अुस जमाने में बस्तर हैदराबाद के बार्डर पर अेक स्टेट था और यह सोचा जा रहा था कि अुसको खरीद कर हैदराबाद में मिला दिया जाय। अुनके अैसे कअी बडे बडे सपने थे, बडे बडे अजीब और गरीब सपने थे। अुनको हमें नहीं लेना चाहिये। अिसलिये मैंने अिसकी कोशिश नहीं की।

अिसके बाद हैदराबाद में जो फैक्टरियां बंद हुअीं अुनके बारें में सवाल किये गये। यह फैक्टरी बंद क्यों हुअी, अिसके पीछे क्या था। मैं हजार वक्त बोल चुका हूं कि हैदराबाद की अिंडस्ट्रीज किस तरीके से पुराने जमाने में चलाअी गअी, किस तरह से वे ओव्हर कैपिटलाअिज्ड की गअी और क्यों की गअी। अुस वक्त की हुकूमत की अिंडस्ट्रियल पालिसी अलग थी। दो आदमी चुन लिये गये थे, अुनको बडे भारी अिंडस्ट्रियलिस्ट समझा गया था। चारों तरफ से पैसा जमा करना और अुनको देते जाना और फिर कभी न देखना कि क्या हुआ और क्या नहीं हुआ। बडी अजीब और गरीब पालिसी थी। यहां के अिंडस्ट्रिअलिस्टस ने अुस जमाने में अैसे मकानात बना रखे हैं जो कोअी अिंडस्ट्रिअेलिस्ट अपनी अिंडस्ट्री के लिये कभी नहीं बनायेगा असीलिये वे अिंडस्ट्रीज नहीं चल सकीं। लेकिन अब अिन्हीं अिंडस्ट्रीज का प्रोडक्शन पुराने जमाने के मुकाबले काफी बढा है। मैंने अपने बजट स्पीच में बतालाया था कि सीमेंट, कोल संगसेलू, कपडा और शक्कर का प्रोडक्शन हमारे यहां काफी बढा है। अैसी कोअी चीज अब नहीं है जिस लिये के अिंडस्ट्रीज के बारे में आपको तशवीश की जरूरत हो। अिसी के साथ साथ यहां की अिंडस्ट्रीज को बढावा देने के लिये हाल ही में अेक अिंडस्ट्रियल कारपोरेशन कायम हुआ है अुसकी वजह से अिंडस्ट्रीज में बहुत काफी तरक्की होगी।

شری وی - بی - راجو - آپ اپنی اسپیچ میں ڈیڑھ کروڑ روپیہ ریزرو بنک کے پاس جمع ہونا فرمائے تھے کیا وہ کنسالیڈیٹڈ فنڈ سے دیرے ہیں یا وہ اوٹسائیڈ فنڈ سے -

श्री. वि. के. कोरटकर :—मेरा जहां तक ख्याल है वह औटसाअिड है।

हां, तो मैं क्या कह रहा था? अिसतरह बीच में गडबड होती है तो भूल जाता हूं। अिंडस्ट्रीज के बारे मे कुछ कह रहा था। कुछ बडी बात नहीं है।

अेक चीज शिक्षण के बारें में कही गअी । लेकिन शिक्षण के बारें में बहुत कुछ नहीं कहा गयां यह खुशी की बात है। कहते भी क्या यह सवाल था। शिक्षण पर खर्चा पहले की अपेक्षा ज्यादा बढा है और सब जगह आज काफी बडी तादाद में शिक्षण दिया जा रहा है। हमारा शिक्षण का जो पांच साल का प्रोग्राम था वह तो हमने दो ही साल मे खतम किया। दूसरे स्टेटोके लोग अिस बात को देखकर कहते हैं कि गव्हर्नमेंट ऑफ हैदराबाद नें शिक्षण के बारे में बहूत तेज कदम अुठाया है। और हमें बडा ताजुब होता है कि हैदराबाद में अितनी तेजी से किस तरह काम किया जा रहा है हमारे अिस काम की सभी जगह सराहना की जा रही है।

आखीर शिक्षण के बारें में कुछ न मिला तो अेक चीज तो बोलने के लिये मिलही गअी कि आपने बेसिक अेज्युकेशन निकाला है। यह बेकार है। अिससे कोअी फायदा नहीं होनेवाला है। कोअी बडी घबराने की चीज नहीं है बेसिक अेज्युकेशन पर कोअी बहुत बडा खर्चा नहीं होनवाला है। लेकिन मैं यहां पर अेक चीज साफ कहना चाहता हूं कि बेसिक अेज्युकेशन यह हमारा अेक फेथ (विश्वास) है। हमारा यह फेथ हमने काफी सोचविचार के बाद कायम किया हैं। हम बराबर बेसिक अेज्युकेशन बढाने की कोशिश करेंगे । यह कहा गया कि बेसिक अेज्युकेशन मे हम बच्चे को काम पर लगायेंगे और टोकरिया बनायेंगे और बेचेंगे और अुसी पैसौ से यह पाठशालायें चलाअी जायेगी। अिसमें शिक्षण नहीं मिलेगा। अिस तरह के काफी अेतराज किये गये। लेकिन अैसी बात नहीं है। आज हम देखते हैं कि आज की जो शिक्षा प्रणाली है अुसमें डिगनिटी ऑफ लेबर नहीं है। हमें बेसिक अेज्युकेशन द्वारा डिगनिटी ऑफ लेबर (Dignity of Labour)अर्थात श्रमके बारेमें अुच्च श्रद्धा को बढाना चाहते है मैं भी समझता हूं कि आज के शिक्षण के बाद हाथ से काम करना यह अेक छोटी और कम खर्चे की बात मानी जाती है। बेसिक अेज्युकेशन में अगर कोअी सबसे बडी चीज है तो चारित्र्य (कॅरेक्टर) बनाने की है। चारित्र्य गठन यह बडी महत्व की बात है । आज बच्चे सिर्फ किताबी पढाअी के लिये स्कूल में जाते हैं वहां काम से बातें ज्यादा होती है। हाथसे काम करने की तरफ कोअी ध्यान नहीं दिया जाता। असल चीज यह है कि शिक्षण में चारित्र्य की चीज सबसे बडी है। अुसकी तरफ तो आज के शिक्षा प्रणाली में कोअी ध्यान नहीं दिया जाता अिसके लिये हमारा आज का जो शिक्षण है वह फेल होगया है अिन सब बातों को ध्यान में रखते हुये हमने बेसिक अेज्युकेशन को माना है हमारा वह फेथ है हम बेसिक अेज्युकेशन को जरूर बढायेंगे। और अुसके लिये जरूर खर्चा भी करेंगे ।

स्त्री शिक्षा के बारे में भी बहुत कुछ कहा गया। यह अेतराज किया गया कि स्त्री पुरुषकी शिक्षा पर बराबर पैसा खर्च नहीं किया जाता। में यह कहना चाहता हूं कि अिस तरह कहना गलत है जो कुल रकम खर्च की जाती है अुसमें स्त्री और पुरुषोंपर बराबर खर्च की जाती है।

मैंने पहले ही जबाब दिया है कि अेज्युकेशन पर ५ करोड ९० लाख रुपया खर्चा हो रहा है। वह सब के लिये बराबर खर्चा किया जा रहा है। अेक मकान में मै मेरा भाअी, मेरी भावज आदि रहती है और यदि सब घर के लिये कुछ खर्चा करता हूं और मेरी भावज यह कहे कि तुम तो मेरे लिये कुछ खर्चा नही कर रहे हो तो अिसका तो मैं कुछ जबाब नहीं देसकता। ५ करोड ९० लाख रुपया खर्च किया जा रहा है वह पुरुष और स्त्रियां सबके लिये किया जा रहा है।

यह कहा गया कि युनिव्हर्सिटीको जो १० लाख रुपया दिया जाता था अुसमे कमी हुअी यह अच्छा हुवा। मैभी कुछ अिसी राय का हू कि युनिव्हर्सिटीपर हमे ज्यादा खर्चा नही करना चाहिये। लेकिन बॉम्बे की मिसाल यहां नही ली जा सकती है। बॉम्बे मे युनिव्हर्सिटिपर जितना कम खर्च किया जाता है। अुतना तो हम नही कर सकते। हमारी युनिव्हर्सिटीको कॉलेज का भी खर्चा करना पडता है। हमारी युनिव्हर्सिटी अेक टीचिंग युनिव्हर्सिटी (Teaching University) ह। अिस लिये हमे बॉम्बेकी अपेक्षा कुछ ज्यादा अिमदाद तो देनीहि पडेगी। जो मोटे पॉअिंट थे वह मैने आपके सामने रखे ही है।

नेशन बिल्डिंग पर जो अखराजात थे वह मैने आपके सामने रखे है। अलबत्ता दो चीजो पर बुहत कुछ कहा गया अेक अनअेम्प्लायमेंट यानी बेकारी और दूसरा करपशन अर्थात रिश्वत। मैने अन-अेम्प्लायमेंट अेक्सचेंज के आकडे तो पहलेहि दिये है। अुसमे मालूम होगा कि कमसे कम अिस साल रजिस्ट्रेशन तो कम हुवा प्लेसमेंट (नोकरीपर लगाना) ज्यादा हुवा। मै लेबर अनअेम्प्लायमेंट के बारे मे अपने बजेट स्पीच मे जानबुझकर चुप रहा। क्योकि हमने हाअुसकी तरफसे अेक लेबर अन अेम्प्लायमेंट कमीटि कायम की है और अुसका काम चल रहा है। जैसा कि लिडर ऑफ दी अपोजिशन ने कहा कि अिस कमिटीका काम अेक मिनिस्टर से पूरा नही हुवा तो दूसरे आये अुनसे भी पूरा नही हुवा तीसरे आये और अब चौथे आनेकी जरूरत न होनी चाहिये यह आशा की जाती है। मै अुनके अिस विचार से बिलकुल सहमत हूं। अपोजिशन लिडरभी अिस कमिटी के अेक सदस्य है। यह कहना गलत होगा कि हमने अिस प्रश्न को अनुभव नही किया, गलत होगा। हमने अिसे काफी अनुभव किया लेकिन आज तक किसी भी नतीजे पर हम नही पहुच सके है कि अिसके लिये क्या करना चाहिये। यह प्रश्नही हमारी समझमे अबतक नही आता है। मै यह कह सकता हूं कि जितना यह प्रश्न बडा बताया जाता है अुतना वह तीव्र नही है। जितनी बेकारी है अुससे अुसका प्रचार ज्यादा हुवा है। यह कहा जाता है कि लेबर अन अेम्प्लायमेंट ज्यादा है। लेकिन यह सही नही है। अभी मेरे पास अेक गुत्तेदार, गुत्तेदार नही बल्कि हमारे चीफ अिंजिनियर आये थे।

श्री. व्ही. डी. देशपांडे :—शायद वह गव्हर्नमेंट के गुत्तेदार होंगे।

श्री. वि. के. कोरटकर :—चीफ अिंजिनियर आये थ ; वे कह रहेथे कि कांबली और तलवा के प्रॉजेक्ट है अुसके बारे मे टेंडर मंगाये है। लेकिन गव्हर्नमेंट जिस रेट पर काम करवाना चाहती है अुसपर काम करने के लिये कोअी तैयार नहीं होता है। मजदूर नही मिलते हैं अक तरफ तो कहा जाता है कि मजदूरों को काम नही मिलता है और दूसरी तरफ यह कहा जाता है कि मजदूर काम के लिये नही मिलते है। मैंने परसों ही कहा था कि रायचूर में हमें नहरकी खुदाअी का काम करना है लेकिन वहा हमे काम करने के लिये मजदूर ही नही मिलते हैं। मै यह मानता हूं कि बेकारी का प्रश्न तो जरूर है, लेकिन अुसकी तीव्रता पढेलिखे लोगों में ही ज्यादा है। मजदूरों में यह प्रश्न अभी अितना तीव्र नहीं हुवा है। अुल्टें हमें जरूरत है तो भी लेबर नहीं मिलता है। यह हालात हैं।

[illegible] हैं अुसके रिपोर्ट का मैं अिंतेजार कर रहा हूं। अिसी [illegible] जिस कमिटी के रिपोर्ट के बाद ही [illegible]

अब करपशन के बारे में भी बहुत कुछ कहा गया। करपशन के बारे मे मै अितनाही कहना चाहता हूं कि करपशन को जितने जोर शोर से कहा जाता है, मै समझता हूं अुतना जोरदार नहीहै। मेरी नजर में बहुत कम हिस्सा नजर में आया। और जो हिस्सा मेरी नजर में आया तो मैने देखा की यह करपशन पूरे समाज में फैला है वह कुछ अैसा नहीं जिसे विरोधी दलके नेताने कहा था। अंग्रजी में कहा जाता है ना कि सीझर्स वाअीफ शुड बी बीयांड सस्पिशन (Ceasar's wife should be beyond suspicion) लेकिन हमारे पूरे समाज में ही यह करपशन है। अगर लोग यह समझते हैं कि हम करपशन कायम रखना चाहते हैं तो यह गलत है। लेकिन जबतक कोअी कॉंक्रिट सबूत होता नहीं तब सिर्फ शुबहा कि बिनापर कुछ नहीं किया जा सकता। जब किसी करपशन की केस की जांच करने जाते है तो मालूम होता है कि कोअी और ही मामला है। अैसी हालतमें क्या किया जाय। यदि करपशन बराबर मालूम हुवा तो अुस शक्स के खिलाफ बराबर अॅक्शन लेंगे अुसको छोडेंगे नहीं।

मगर अिसके साथ यह भी बात कहना चाहता हूं कि हमारे अुपर के अधिकारियोंमे करपशन ज्यादा नहीं है और यदि नीचें कही करपशन है भी तो वह बहुत ज्यादा नहीं है। करपशन है तो वह सभी में है मै मिसाल के तौर पर कहना चाहता हुं कि सेल्स टॅक्स के बारे में कहा गया कि बेपारी माल लेने पर रसीद नहीं देता है। अब यह तो कोअी सरकारी मुलाजीम नहीं?। यह रसीद लेनेवाला और रसीद देनेवाला दोनोही का गव्हर्नमेंट से कोअी तालुक नहीं आता। लेनेवाला यह देखता है कि रसीद न ली तो सेल्स टॅक्स न देना पडेगा। और बेचनेवाला यह देखता है रसीद न दी सेल्स टॅक्स की रकम हम हडप कर सकते है। अिन्कम टॅक्स के बारे में भी यही कहा जाता है कि वे लोग अलग अलग हिसाब रजिस्टर्स रखते हैं अिसके बारे में आखीर में अितनाही कह सकता हूं कि करपशन का जितना शोर है अुससे वह बहुत कम है। नीचे के दर्जे में अगर कोअी करपशन है भी तो वह यही बताता है कि हमारी सोसायटी का वह प्रतिबिंब है। हमारी सारी सोसायटी में आज यह चीज हो रही है। हमारे सामने जो मुख्य सवाल है वह मोरल का सवाल है। बात यह है कि हमारा मॉरल बहुत गिरा हुवा है। अिस सवाल को हमें देखना होगा। आप अिस सब की तहमें जाकर देखेंगे तो यही मालूम होगा कि हमारा मॉरल गिरा हुवा है। अिन सब का कारण यह हो सकता है कि समारी जिंदगी गिरती हुअी नजर आ रही है। लेकिन अब हममें सचाअी बडे पैमानेपर आती जा रही है और यही सचाअी सोसायटी को बदल देगी। और हम जरूर अूपर चढेंगे।

यह चंद अलफाज मैं अैवान के सामने रखना चाहता था। जैसा कि मैंने कहा कि यह अेक बिल कूल सादा और कामन आदमी का बजेट है। तो अगर आप कहे कि अिस बजेट में कोअी करामत नजर नहीं आती है तो न आय। करामत के लिये यह बजेट नहीं बनाया गया। यह सादा बजेट अिसमें कॉंग्रेस को शरम लगे अैसी कोअी बात नहीं है।

यह कहा गया कि फला काम नहीं किया गया वह नहीं किया गया यह नहीं किया गया अित्यादी यह भी कहा गया अगर ठीक काम न किया गया तो आपकी यह जो चौखट है वह टूट जायेगी। लेकिन अिसकी मुझे तो कोअी डर नही मालूम होता। यदि बहुत हुवा अिसी चौखट के अंदर कोअी नयी चीज नजर आयेगी लेकिन यह चौखट नहीं टूटेगी।

बहुत कुछ कहा गया कि चीन में यह हुवा चीन में हुवा चीन में वह हुवा मगर हिंदुस्थान मे तो कुछ नही हुवा। लेकिन गये ६ साल के अंदर हिंदुस्थान के जो बडे बडे प्राजेक्ट बने अुसका जिक्र नहीं किया गया। हिंदुस्थान याने सिर्फ हैदराबाद स्टेट नहीं। चीन के अंदर अिस तरह कितने बडे बडे प्राजेक्ट बने हमारे यहां दामोदर व्हॅली प्रॉजेक्ट भाकरा नांगल तुगंभद्रा और मुकुन्द जैसे बडे प्राजिक्ट बने हैं। चायना में कहो अेक प्राजेक्ट बनता तो अुसकी अितनी बडी डींग मार रहे है। हमारी यह प्रोग्रेस देख कर बाहर के लोग तो ताज्जुब कर रहे है। चायना का मुकाबिला आप हैदराबाद से नहीं कर सकते भारत से करना चाहिये। हमारे यहां जो अेक डेप्युटेशन अभी अफगानिस्तान से आया था अुन्होने हमारी पंचसाल प्लॅन की तरक्की देखकर बडी खुशी जाहिर की और तारीफ की। अुन्होंने कहा कि ६ साल के अंदर हमने हमारी अेकानामिक हालात में जो तरक्की की है वह अितनी बडी तरक्की है कि किसी-दूसरे मुल्क ने अिस तरह तरक्की नहीं की है। अेव्होल्यूशन (Evolution) उत्क्रांति और रेव्होल्यूशन (Revolution) में यही फरक है। हम उत्क्रांती के जरीये से तरक्की कर रह हैं यह चौखटन टूटते हुवे भी तरक्की की जा रही है। कअी लोग सोचते थे कि हमें स्वतंत्रता मिलनें के बाद यह चौखट जो थी वह अेकदम टूट जायेगी। लेकिन अैसा नही हुवा दुनिया के लोग ताज्जुब केसाथ देख रहे हैं कि वही चौखट कायम रख कर हमने कितनो प्रगति आज कर ली है अंग्रेजों भी यही सोंचा था कि चौखट, हम भारत छोडते ही टूट जायेगी, रियासतों में गडबडी मच जायेगी और भारत के लोग फिर हमे बुलायेंगे। लेकिन आश्चर्य की बात है कि यहां चौखट टूटी नहां। अुसी चौखट को कायम रखते हुवे देशने प्रगति की। और हमारा भारत आज चमक रहा है

यह कहा गया कि अगर आपने बजेट अैसा ही रखा तो आपको यहां पर त्रावनकोर, कोचीन देखना पडेगा। मैं कहता हूं त्रावनकोर, कोचीन ही क्यों देखना पडेगा पेप्सू क्यों नही देखना पडेगा त्रावनकोर,कोचीन भी देखना पडा तो मैं कहता हूं वहां भी ज्यादा से ज्यादा तादाद में आज कांग्रेस आअी है यहां के बाय अिलेक्शन मे भी कांग्रेस के ही अुमीदवार ज्यादा चुनकर आये हैं। यह कहा गया कि कांग्रेस के लोगों ने यह नही किया वह नही किया, अिस लिये आवाम में बडी मायुंसी है मै अपने भाअियों से कहना जाहता हूं कि जनता मायूस किससे होती है। जिससे लोग यह अपेक्षा रखते हैं यह कुछ करेगा, और जो जनता के लिये कुछ करता है। लोगोंका यह भरोसा है अगर कुछ आवाम की भलाअी कोअी करनेवाली है तो कांग्रेसही हैं। जबतक आवाम का यह विश्वास हमारे साथ है तबतक घबडानें की कोअी जरूरत नहीं है।

मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आज हमारे देश की अिज्जत दुनिया में किसने बढाअी है अिस आप जरा सोचे। आज हमारी कितनी अिज्जत दुनिया में है। आज हमनें हमारी अेक स्वतंत्र पालिसी रखी हैं कि हम किसी के साथ नहीं रहेंगे। और जहातक हो हम दुनिया में शांति करायेंगे हमारा शांति का मार्ग है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि कोरिया की लढाअी किसने बंद कराअी? हिंदुस्तान ने ही कोरिया की लढाअी बंद कराकर वहां शांति स्थापित की। हिंदुस्थान की ही यह हिम्मत थी कि अुसके प्रधान मंत्री ने आयसेंन होवर को कहा कि तुमने पाकिस्तान के साथ शस्त्र संधी की है अब तुम न्युटरल नहीं रहे अब तुम्हें अपने ऑब्झर्व्हर्स (Observers)याने निरीक्षक का कोअी अधिकार नहीं। तुम्हें अपने निरीक्षक वहां से हटाने चाहिये। और अमरीका के जो निरिक्षक वहां है वह अब न्यूटरल (Neutral) नहीं समझे जायेंगे

आज अमरीका को अिस तरह जबाब देने की किसकी ताकत है। हिंदुस्थान को यह नैतिक ताकत है हिंदुस्थान अमरीका से कर्जा लेता है लेकिन अमरीका से नहीं दबेगा यही हमने दुनिया को अिस तरह का जबाब देकर दिखाया है। आज दुनिया में अमरीका की कितनी शक्ती है यह तो आप जानते ही है। अैसी हालत में आयसेनहोवर से अिस तरह से बोलनेवाले थोडे लोग हैं। आज अंग्रेजो जैसा मुल्क भी आयसेनहोवर से अिस तरह से बोलने की हिम्मत नहीं करते। अंग्रेज भी अुस के विरुद्ध कुछ नही कह सकते। यह आज हिंदुस्थान की ही ताकत है कि वह अिस तरहसे अमरिका जैसे शक्तिशाली राष्ट्र को अिस तरह जवाब दे सकता है। यह जो हिंदुस्थान की ताकत है वह अस को नैतिक शक्ति है। जिस तरह सन १९४२ में बंबअी मे कॉग्रेस ने अंग्रेजों से कहा कि क्विट अिंडिया (Quit India) अुतनी ही ताकत से आज और अुन्ही शब्दों मे आज हमारे नेता जवाहर लालजीने अमेरिका से कहा कि तुम्हे अपने निरीक्षकों को काश्मीर से निकालना पडेगा। काश्मिरसे अपने निरिक्षक निकालो, वह वहां अब नही रह सकते। लोगों का यह विश्वास है कि हम ही हिंदुस्थान को अेक शांति मार्ग पर ले जा सकते है। लेजा रहे हैं, और आगे भी हम ले जायेंगे। यह बजेट अुसी नैतिक शक्तिका प्रतीक है अिसमे कोअी शरम की चीज नहीं है।

8-30. P. M.

The House Then adjourned till Half Past Two of the Clock on Thursday the 11*th March*, 1954.